सरकारी विवि एक डैशबोर्ड पर आए

देहरादून, विशेष संवाददाता। राज्य के 11 सरकारी विश्वविद्यालय का पूरा ब्योरा अब एक डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगा। मंगलवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में यूटीयू द्वारा विकसित 'उत्तराखंड यूनिवर्सिटी कनेक्ट' डैशबोर्ड का लोकार्पण किया। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' की पुस्तक 'राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा' और यूकॉस्ट द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल ''एडवेंट ऑफ एडवांस्ड एडमिनिस्ट्रेटिव इंटेलिजेंस'' का विमोचन भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने पूर्व में यूनिवर्सिटी कनेक्ट मोबाइल ऐप विकसित किया था। इसे अब डेस्कटॉप और मोबाइल एप दोनों के लिए अपग्रेड किया गया है। इस ऐप में विवि में चलाये जा रहे पाठ्यक्रम, संकाय, प्रवेश, नामांकन, बजट, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र आदि के बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल की जाएंगी। निशंक की किताब का विमोचन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी भारत की आत्मा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक भी है। निशंक ने कहा कि हिंदी में ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान समाहित है। यह हमें एक सूत्र में पिरोती है। विश्व गुरु बनने का रास्ता हिंदी से होकर ही गुजरता है।

यूकॉस्ट के डीजी प्रो. दुर्गेश पंत ने कॉफी टेबल बुक के बारे में जानकारी दी। कुलपति- यूटीयू प्रो. ओंकार सिंह ने डैशबोर्ड के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सचिव-राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, डॉ. योगेन्द्र नाथ मौजूद रहे।

राज्यपाल ने पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राजभवन परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मां के प्रति सम्मान और धरती के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का यह एक छोटा सा प्रयास है। इस मौके पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव-राज्यपाल रविनाथ रामन,अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया ने भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।